# हरियाली तीज पर बीकानेर में 50 लाख पौधे लगाये जायेंगे : कलेक्टर



बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कलेक्ट्रेट सभागार में हरियालो राजस्थान कार्यक्रम की समीक्षा बैठक को संबोधित किया।

■ कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कलेक्ट्रेट सभागार में हरियालो राजस्थान कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में 50 लाख पौधे लगाने की बात कही

**बीकानेर,**(कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कहा कि 27 जुलाई को हरियाली तीज के अवसर पर पूरे राजस्थान में ढाई करोड़ पौधों का रोपण एक साथ किया जायेगा।

उन्होंने आमजन से अपील की है कि हरियाली तीज के दिन 27 जुलाई को जिले के सभी लोग पौधरोपण में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपने घरों के आसपास बड़ी संख्या में पौधे लगाएं। साथ ही हरियालो राजस्थान ऐप पर जाकर पौधरोपण का जियो टैग भी करें ताकि इन पौधों की भी हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के अंतर्गत गणना की जा सके।

जिला कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग हरियाली तीज पर बड़ी संख्या में पौधरोपण करने के कार्यक्रम को गंभीरता से लें। पर्यावरण संरक्षण को लेकर यह मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट है। लिहाजा हरियाली तीज के अवसर पर सभी विभाग अधिक से अधिक पौधरोपण कर इसका जियो टैग भी करें।

उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष बीकानेर जिला पूरे राजस्थान में पौधारोपण में प्रथम स्थान पर रहा था। इस वर्ष भी हमें इसे बरकरार रखना है और यह आमजन के सहयोग से ही संभव है। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में हरियालो राजस्थान कार्यक्रम की समीक्षा बैठक ले रही थी। जिला कलेक्टर ने कहा कि नर्सरियों में अगर पौधों की कुछ कमी हो तो पेड़ों के नीचे उगे हुए छोटे छोटे पौधों का भी पौधरोपण में उपयोग किया जा सकता है। साथ ही कहा कि पौधे केवल लगाने नहीं है बल्कि उनका संरक्षण भी करना है।

इससे पूर्व बैठक में डीएफओ रतन सिंह ने बताया कि पूरे राजस्थान में हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के तहत कुल 10 करोड़ पौधे लगाये जायेंगे। जिनमें से बीकानेर जिले को 50 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है। जिनमें सर्वाधिक 22 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य शिक्षा विभाग को मिला है। इसके अलावा वन विभाग को 13 लाख, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज को करीब 7 लाख, नगरीय विकास एवं आवासन व राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को 2-2 लाख पौधे लगाने के अलावा अन्य सभी विभागों को भी पौधरोपण का लक्ष्य दिया गया है।

बैठक में सहायक वन संरक्षण डॉ पूजा पंचारिया ने बताया कि जिले में वन विभाग की कुल 30 नर्सरियां है। जिनमें कुल 30 लाख 93 हजार पौधे तैयार किए गए हैं। जिनमें से 17 लाख 80 हजार पौधे आमजन को और विभिन्न विभागों को वितरण के लिए दिया गया है। वहीं 13 लाख 13 हजार पौधों का रोपण वन विभाग की ओर से वन भूमि पर किया जायेगा। डीएफओ रतन सिंह ने बताया कि आमजन भी पौधरोपण कर उसका हरियालो राजस्थान ऐप पर जाकर जियो टैग कर सकते हैं। इसका तरीका बहुत ही सरल है। सबसे पहले प्ले स्टोर से हरियालो राजस्थान ऐप डाउनलोड कर लें। फिर ऐड प्लांटेशनटाइप-ब्लॉक प्लांटेशन-कैप्चर इमेज-सलेक्ट लैंड ओनरशिप-सलेक्ट डिपार्टमेंट में एड्रैस स्लेक्ट करते हुए-प्रेस एडिट टू एड-करंट लोकेशन-एड लिस्ट ऑफ प्लांटेशन-सबमिट एंट्री कर दें। बैठक में सीईओ जिला परिषद सोहनलाल, एडीएम प्रशासन रामावतार कुमावत समेत अन्य सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

**एनआरसीसी में पौधे रोपे :** राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र (एनआरसीसी), बीकानेर में आज वृक्षारोपण कार्यक्रम, महावीर इंटरकांटिनेंटल सर्विस आर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिसमें नीम, सहजन, अशोक, बरगद सहित लगभग 100 पौधे लगाये गए। इस पौधरोपण कार्यक्रम में एनआरसीसी के समस्त स्टाफ, महावीर इंटरकांटिनेंटल के पदाधिकारीगण तथा अरावली वेटरनरी कॉलेज, सीकर के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

इस अवसर पर केन्द्र के निदेशक एवं कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार पूनिया ने 'एक पेड़ मां के नाम' जैसे महत्वपूर्ण पर्यावरणीय अभियान की सराहना करते हुए इसे समय की मांग बताया। उन्होंने कहा कि पेड़ हमारा वह निःस्वार्थ साथी है, जो प्रकृति से हमारा आत्मिक जुड़ाव स्थापित करता है। हमें छांव, फल-फूल, लकड़ी और जीवनदायिनी वायुमंडलीय संतुलन भी देता है।

## टॉप-25 मोस्ट वांटेड बदमाशों की सूची जारी

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। राजस्थान पुलिस ने संगठित अपराधों में शामिल टॉप-25 मोस्ट वांटेड बदमाशों की सूची जारी की है। इनमें 12 नए बदमाशों के नाम शामिल किए हैं। इन पर 32.87 लाख रूपए का इनाम घोषित किया है।

एडीजी (क्राइम) दिनेश एम.एन.ने बताया कि राजस्थान में टॉप-25 मोस्ट वांटेड क्रिमिनल्स की नई सूची जारी की है। इसमें 12 नए अपराधियों के नाम शामिल कर लाखों रूपये के इनाम घोषित है। ये 25 अपराधी समाज के लिए बड़ा खतरा है और इनकी गिरफ्तारी हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। महेन्द्र उर्फ समीर मेघवाल, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट और चोरी के 25 प्रकरणों में वांछित है। इस पर एनआईए द्वारा 5 लाख और पुलिस मुख्यालय द्वारा 2 लाख का इनाम है। महेश पुत्र छोटूराम हरिजन, हत्या के 2 प्रकरणों में वांछित है। रेंज स्तर पर 50 हजार का इनाम है। सतविंद्र उर्फ गोल्डी बराड़, रोहित गोदारा उर्फ रावताराम, हत्या/लूट, डकैती के 7 प्रकरणों में वांछित है। रेंज स्तर पर 50 हजार रूपए और एनआईए द्वारा, 5 लाख रूपए का इनाम है। हत्या/डकैती, लूट के 20 प्रकरणों में वांछित, पुलिस मुख्यालय द्वारा 1 लाख रूपए और एनआईए द्वारा, 5 लाख रूपए का इनाम है। सूची में प्रमुख अपराधी और उन पर घोषित इनाम, वीरेंद्र सिंह चारण हत्या/लूट, डकैती के 9 प्रकरणों में वांछित है। एनआईए द्वारा 5 लाख रूपए का इनाम है। अनमोल उर्फ भानू, हत्या का प्रयास/लूट, डकैती के 13 प्रकरणों में वांछित है। पुलिस मुख्यालय द्वारा 1 लाख का इनाम है।

## सार-समाचार

### 100 बालिकाओं की रक्त जांच की



रा.उ.मा.वि. पवनपुरी दक्षिण विस्तार में एनीमिया जांच शिविर में बालिकाओं के रक्त की जांच करते स्वास्थ्यकर्मी।

**बीकानेर,** (कासं)। बालिकाओं में एनीमिया की समस्या को जड़ से समाप्त करने के उद्देश्य से रोटरी क्लब बीकानेर रॉयल्स द्वारा सोमवार को राउमावि पवनपुरी दक्षिण विस्तार, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय हाउसिंग बोर्ड बीकानेर में 'एनीमिया प्रीवेंशन एंड अवेयरनेस कैम्प' का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह शिविर पूरे वर्षभर शहर की विभिन्न बालिकाओं तक पहुंचेगा। शुभारंभ शिविर में 100 बालिकाओं की रक्त जांच की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुखराज साध ने इस सेवा अभियान का उद्घाटन करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति का हीमोग्लोबिन स्तर 12 से नीचे नहीं जाना चाहिए। यदि यह स्तर 10 से नीचे पहुंच जाए तो यह शरीर के लिए गंभीर चेतावनी है। विशेषकर बालिकाओं के लिए, जिनके शरीर में हार्मोनल परिवर्तनों के दौरान रक्त की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। डॉ. संदीप खरे ने बालिकाओं को एनीमिया की पहचान, कारण और बचाव के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पोषणयुक्त और घर का बना भोजन अपनाकर तथा जंक फूड से दूरी बनाकर एनीमिया से बचा जा सकता है। शिविर में जिन बालिकाओं का हीमोग्लोबिन स्तर 6 से 10 के बीच पाया गया। उन्हें डॉ. सी. एस. मोदी ने व्यक्तिगत परामर्श देते हुए विशेष आहार और स्वास्थ्य सुझाव प्रदान किए।

### छात्रों को पुलिस ने खदेड़ा



छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर रास्ता जाम कर रहे डूंगर कॉलेज के छात्रों को पुलिस ने खदेड़ा।

**बीकानेर,**(कासं)। छात्रसंघ चुनाव को लेकर एक बार फिर विद्यार्थी आंदोलन की राह पर है। एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं और सदस्यों ने संभाग के सबसे बड़े डूंगर महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव की बहाली को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने न केवल सीएम की प्रतीकात्मक शव यात्रा निकाली बल्कि मुंडन करवाकर अपना विरोध दर्ज करवाया। छात्र नेता गिरधारी कूकना व राजेश गोदारा की अगुवाई में एनएसयूआई के सदस्यों ने जयपुर रोड पर जाम लगा दिया। जाम के चलते सड़क के दोनों ओर जाम लग गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। प्रदर्शनकारियों से पुलिस ने समझाइश की लेकिन छात्र मानने को तैयार नहीं हुए। जिसके चलते पुलिस को रास्ता खुलवाने के लिये हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। बाद में पुलिस पांच जनों को पकड़ कर जेएनवीसी थाने ले गई। छात्र नेताओं ने कहा कि यदि चुनावों की घोषणा जल्द नहीं की गई तो वे अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठेंगे। छात्रों का कहना है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत छात्रसंघ चुनाव बेहद जरूरी है। उन्हें अनावश्यक रूप से स्थगित करना छात्र अधिकारों का हनन है।

### रोडवेज स्टाफ से मारपीट

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। रावतसर-गंगानगर मार्ग पर राजस्थान परिवहन निगम की बस के ड्राइवर रिछपाल ने लालगढ़ जाटान पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। श्रीगंगानगर में रोडवेज और निजी बस कर्मचारियों के बीच विवाद का मामला सामने आया है। रावतसर-गंगानगर मार्ग पर राजस्थान परिवहन निगम की बस के ड्राइवर रिछपाल ने लालगढ़ जाटान पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। घटना शाम 6 बजे की है। रिछपाल की बस कैंची बस स्टैंड पर पहुंची। उसी समय लोक परिवहन की बस भी वहां आई। लोक परिवहन बस के ड्राइवर लवप्रीत सिंह और कंडक्टर राम शर्मा ने अपने 2-3 साथियों के साथ रोडवेज बस में यात्री चढ़ाने से मना किया। शाम 6:25 बजे जब रोडवेज बस गणेशगढ़ बस स्टैंड पहुंची, तब लोक परिवहन की बस ने रास्ता रोक लिया। लवप्रीत सिंह और राम शर्मा अपने साथियों के साथ रोडवेज बस में घुस गए। उन्होंने ड्राइवर रिछपाल और कंडक्टर सुशील कुमार के साथ मारपीट की। आरोपियों ने जातिसूचक गालियां भी दी। आरोपियें के पास लोहे की रॉड थी। उन्होंने एक महिला यात्री को भी मारा। यात्री हीरालाल ने बीच-बचाव की कोशिश की। आरोपी निगम का राजस्व भी छीनकर ले गए।

# बारिश में उधड़ी सड़कें आमजन के लिए जानलेवा बनी

■ मिट्टी डालकर गड्ढों को छिपा रहा प्रशासन, वाहन चालकों के लिए मुसीबत बनी ये टूटी सड़कें

**बीकानेर,** (कासं)। शहर की सड़कें आज एक बड़े जन संकट की तस्वीर बन चुकी हैं। टूटी-फूटी, गड्ढों से भरी सड़कें जहां आमजन की जान जोखिम में डाल रही हैं। वहीं वाहन चालकों के लिए ये आर्थिक बोझ भी बन गई है।

बीकानेर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों इलाकों की हालत यह है कि यहां की सड़कों पर चलना अब जान हथेली पर लेकर चलने जैसा हो गया है। सबसे ज्यादा प्रभावित एरिया में रानी बाजार इंडस्ट्रीयल एरिया, सूरज टॉकीज रोड, नागणेची मंदिर, रेलवे क्रॉसिंग, पटेल नगर, व्यास कॉलोनी, सादुल कॉलोनी, सादुल गंज, डूंगर कॉलेज रोड, सुदर्शना नगर, पवनपुरी, शनि मंदिर रोड, शिवबाड़ी रोड, गंगाशहर, भीनासर और शिवबाड़ी चौराहा ऐसे क्षेत्र हैं जहां सड़कें सड़क नहीं बल्कि दुर्घटना का बुलावा बन चुकी है।

कई बुजुर्ग और जोड़ों के दर्द से पीड़ित मरीजों के लिए यह सड़कों पर चलना अब यातना बन गया है। डिस्क प्रोब्लम के मरीजों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। पीबीएम हॉस्पिटल के ऑर्थो विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. बी.एल. खजोटिया ने बताया कि बीते कुछ हफ्तों में कमर, रीढ़ और गर्दन के दर्द वाले मरीजों की संख्या 25 प्रतिशत तक बढ़ी है।

प्रशासन की लापरवाही, गड्ढों पर मिट्टी डालकर इतिश्री शहरवासियों की नाराजगी तब और बढ़ गई। जब प्रशासन ने गड्ढों को भरने के नाम पर केवल मिट्टी डाल दी। ग्रिट नहीं डाली गई, जिससे अब सड़कों पर फिसलन और ज्यादा बढ़ गई है। दोपहिया वाहन चालकों का गिरना आम हो गया है। महिला सीमा बागड़ी का कहना है कि गर्भवती महिलाओं के लिए सड़क पर चलना अब असंभव हो गया है।

गड्ढों में फिसलने का डर हर पल बना रहता है। क्या जिला प्रशासन को तब जागना होगा जब कोई बड़ा हादसा हो सुदर्शना नगर निवासी वृद्ध नागरिक रमेश चौधरी ने बताया कि पिछले दस सालों से हमारी गली की सड़क नहीं बनी। रानी बाजार के व्यवसायी संजय नाहर ने बताया कि सड़कों के कारण अब वाहन बार-बार खराब हो रहे हैं।

बारिश के बाद इन सड़कों की हालत इतनी खराब हो गई है कि टू-व्हीलर और फोर व्हीलर चालकों को हर हफ्ते अपने वाहन की मरम्मत करवानी पड़ रही है।

## घर के सामने से बाइक चोरी

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जवाहर नगर थाना क्षेत्र में फ्रेंडस विहार कॉलोनी से घर के सामने से दिन दहाड़े एक बाइक चोरी हो गई।

राजकुमार निवासी फ्रेंड्स विहार कॉलोनी ने बताया कि उसने अपनी बाइक घर के सामने खड़ी की थी। इसी दौरान तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश रूकने के बाद बाहर जाकर देखा तो बाइक गायब थी। आसपास तलाश की लेकिन कहीं नहीं मिली। इसके बाद थाना में पहुंचकर चोरी की सूचना दी। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है।

वहीं हिन्दुमलकोट थाना में गांव 3 सी बड़ी पक्की में मनजीत सिंह की शिकायत पर गांव के कुछ लोगों पर मारपीट व नकदी छीनने का केस दर्ज हुआ। परिवादी ने बताया कि रात करीब 8 बजे श्रीगंगानगर से मजदूरी कर लौट रहा था। इस दौरान रास्ते में विक्की, अमनदीप, लखविंद्र, अर्शदीप, जरनैल सिंह और सिमरन कौर सभी ने लाठियां व लोहे की रॉड से हमला कर दिया।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में लूणकरनसर में रैली कल

■ सम्मेलन की तैयारियों में लगे वरिष्ठ किसान नेता जुटे

**बीकानेर,** (कासं)। भाकपा का 24 वां जिला सम्मेलन 23 जुलाई को लूणकरनसर में आयोजित होगा।

पार्टी के जिला सचिव अविनाश व्यास ने बताया कि जिला सम्मेलन का उद्घाटन राज्य सचिव नरेन्द्र आचार्य करेंगे। राज्य पर्यवेक्षक के रूप में वरिष्ठ एडवोकेट सूरजभान सिंह उपस्थित रहेंगे। जिला सम्मेलन के उद्घाटन से पूर्व रैली निकालकर लूणकरनसर तहसील कार्यालय पर प्रदर्शन कर स्मार्ट मीटर के विरोध, पुरानी विद्युत लाइनों को बदलने सभी घरों में बिजली कनेक्शन सुनिश्चित कराने एवं किसानों के पूर्ण कर्जा माफी की मांग का ज्ञापन प्रस्तुत किया जायेगा। सम्मेलन की तैयारियों में लगे वरिष्ठ किसान नेता लक्ष्मीनाराण वर्मा एवं सहीराम स्वामी ने बताया कि सरकार पैसे वालों का तो कर्जा माफ कर देती है लेकिन किसानों का कर्ज माफ करने में उसे कठिनाई होती है।

पार्टी के सहायक जिला सचिव सरजू गहलोत एवं मल्ला सिंह ने बताया कि लूणकरनसर आंदोलनों की भूमि रही है। वहा कम्युनिस्ट पार्टी के नेतृत्व में सामन्तों के खिलाफ संघर्ष के साथ भूमिहीनों को भूमि दिलाने एवं अकाल राहत कार्यों के लिए संघर्षों का एक इतिहास रहा है। इन्हीं संघर्षों के नायकों को समर्पित जिला सम्मेलन पार्टी को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। एडवोकेट महेश जोशी, मजदूर नेता अब्दुल रहमान कोहरी एवं प्रसन्न कुमार को बताया कि आज के दौर में मजदूर व किसानों के हितों की रक्षा और साम्प्रदायिकता के विरोध की प्रेरणा देने में यह सम्मेलन कामयाब रहेगा।

# शिवालयों में गूंजे भोलेनाथ के जयकारे

■ शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु, जलाभिषेक के साथ भोलेनाथ की पूजा-अर्चना

**नोखा,** (कासं)। यहां सावन मास के दूसरे सोमवार को शिवालयों में हर- हर महादेव का जयघोष गुंजायमान हो गया। मंदिर सोमवार को श्रद्धालुओं से भरा रहा।

वहीं भूतनाथ मन्दिर, तिरूपति नगर स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर, गंगा गौशाला स्थित पशुपतिनाथ मंदिर, तहसील स्थित अंकेश्वर महादेव मंदिर में भोलेनाथ को अक्षत, फूल, धतुरा और भांग चढ़ाकर मन्नतें मांगी गई। शांतिवन स्थित भूतनाथ मंदिर में पार्षद मनोज ओझा के साथ कई लोगों ने पूजा- अर्चना की।

कक्कू गांव के पास स्थित सेंघाल धोरा में सावन के दूसरे सोमवार को महंत पदमगिरी महाराज के सानिध्य में पंडित नवरतन शास्त्री के द्वारा शिवलिंग का अभिषेक किया गया। इस दौरान मनकामेश्वर महादेव के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा।

पूरा परिसर महादेव के नारों से गुंजायमान हो उठा। इस बार सावन महीने में लगातार पूजा के कारण भक्तों में विशेष उत्साह बना हुआ है। महन्त पदमगिरी महाराज ने बताया कि इस बार भक्तों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

## जमीन विवाद में मारपीट

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जमीनी विवाद को लेकर मारपीट, नकदी व सोने की चैन छीनने के आरोप में 9 लोगों के खिलाफ लालगढ़ जाटान थाना में केस दर्ज कराया।

स्यागांवाली निवासी हंसराज ने पुलिस को बताया कि उसके पिता के नाम गांव श्यामसिंहवाला रोही 16 बीएनडब्लयू में कृषि भूमि है। वह अपने पिता के साथ खेत में पानी लगाकर बाइक से वापस लौट रहा था। रास्ते में एक कार में आये लोगों ने बाइक के टक्कर मारी, जिससे वह और उसके पिता गिर गए। इनमें विनोद कुमार, अनिल निवासी रुपांवाली जोहड़ी, रविंद्र, अंतराम, प्रमोद, महेंद्र कुमार व 2-3 अन्य लोग सवार थे। इन लोगों ने कार से उतरते ही मारपीट शुरू कर दी। पीछे बाइक पर राजपाल, महेंद्र और एक स्कूटी पर अंकित आये।

# 10 हजार लीटर औषधीय जल से किया सहस्त्रधारा अभिषेक

■ अजमेर से मंगवाये गए फूलों से नीलकंठ महादेव का श्रृंगार किया

**बीकानेर,** (कासं)। सुजानदेसर की गोचर भूमि, काली माता का मंदिर। इसी परिसर में स्थित नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर के शांत वातावरण में सावन मास में शिव भक्ति, सामाजिक सरोकार और पर्यावरण संरक्षण एक साथ देखने को मिला। अवसर था महादेव को सहस्त्रधारा अभिषेक का।

आयोजक पंकज व्यास के सानिध्य में 10 हजार लीटर औषधीय युक्त जल से नीलकंठेश्वर महादेव के अभिषेक से किया गया। इससे पहले अजमेर से मंगवाये गए फूलों से महादेव का श्रृंगार किया गया। इस दौरान सभी सदस्यों ने पौधरोपण भी किया। गौवंश के कल्याण की कामना भी की गई। आयोजक व्यास का कहना था कि मुख्यमंत्री भजनलाल के पौधरोपण अभियान के तहत न केवल पौधे लगाए गए बल्कि उनके सरंक्षण की जिम्मेदारी भी सदस्यों को सौंपी गई है।

अभिषेक के लिए काम में लिए गए औषधीय युक्त जल से पेड़-पौधों की कीटनाशक रोगों से सुरक्षा होगी। सुमन व्यास ने बताया कि अभिषेक में ओमप्रकाश पुरोहित, दीपक व्यास, पवन व्यास, रवि पुरोहित, धीरज थानवी, राहुल व्यास, दुर्गादास पुरोहित, गिरिराज पुरोहित, बद्री विशाल पुरोहित ने मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक किया।

सुजानदेसर स्थित रामझरोखा कैलाशधाम आश्रम में महादेव मंडल के भक्तों ने रूद्राभिषेक एवं रूद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया। रामदास महाराज की कृपा से नर्बदेश्वर महादेव का अभिषेक और भव्य श्रृंगार किया गया तथा रूद्र महायज्ञ में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आहुति देकर विश्व शांति और जन कल्याण की मनोकामना की।

इस अवसर पर आशीर्वचन देते हुए राष्ट्रीय संत सरजूदास महाराज ने कहा कि श्रावण मास केवल एक धार्मिक महीना नहीं है, बल्कि यह प्रकृति, ऊर्जा और अध्यात्म का संगम है। भोलेनाथ का विभिन्न द्रव्यों से अभिषेक किया।

# कैडर पुनर्गठन की मांग को लेकर न्यायिक कर्मचारियों ने किया रूद्राभिषेक



बीकानेर में आंदोलनरत न्यायिक कर्मचारियों ने सरकार की सद्बुद्धि के लिये रूद्राभिषेक किया।

■ कैडर पुनर्गठन की स्वीकृत योजना अभी तक लागू नहीं की गई

**बीकानेर,** (कासं)। न्यायिक कर्मचारियों के कैडर पुनर्गठन की मांग को लेकर आन्दोलन लगातार जारी है। राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ के नेतृत्व में चल रहे इस आन्दोलन में सोमवार को न्यायिक कर्मचारियों ने सरकार की सद्बुद्धि के लिये रूद्राभिषेक किया।

कर्मचारियों ने राज्य सरकार की हठधार्मिता के विरूद्ध सद्बुद्धि यज्ञ पंडित रामानुज की टीम रोहित, मोहित, मनीष, रमाकांत, राधाकिशन, नमामि शंकर, रजत ओझा, विकास सोलंकी, नारायण दास रंगा और देवेन्द्र मेड़तिया प्रांतीय प्रतिनिधिगण के साथ अश्विनी, नंदकिशोर व्यास, अनवर, राजेश बिश्नोई, विजय चोमल, प्रमोद मोदी, महेश व्यास, राजाराम बिश्नोई इत्यादि शामिल रहे। प्रदेश के पूर्व संयोजक गिरिराज बिस्सा ने कहा कि राज्य सरकार ने हठ पकड़ रखी है और वह यह आदेश कर नहीं रही है जो कि उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना है। इस कारण प्रदेश के समस्त जिलों में न्यायिक कर्मचारी संघर्ष करने और सामूहिक अवकाश पर जाने पर मजबूर हैं। बीकानेर जिले में सभाध्यक्ष जहांगीर हुसैन तंवर व पंडित रामानुज सारस्वत की टीम ने सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन किया। पूर्व सैक्रेटरी रामकुमार हर्ष ने बताया कि सरकार और न्यायिक प्रशासन ने बार-बार आश्वासन दिया, लेकिन कैडर पुनर्गठन की स्वीकृत योजना अभी तक लागू नहीं की गई।

राजस्थान हाईकोर्ट की फुल बैंच ने 6 मई 2023 को न्यायिक सहायक और स्टेनोग्राफर कैडर के पुनर्गठन को मंजूरी दी थी। हालांकि सरकार ने इसे अभी तक अधिसूचित नहीं किया है। इस मौके पर कर्मचारी नवनीत जोशी, शंकरलाल व्यास, ख्वाजा आरिफ, सौरभ व्यास तथा महिला कर्मी माधुरी आचार्य, अभिलाषा आचार्य, तपस्या शर्मा, रश्मि, रूखसाना बानो आदि शामिल रहे।

## नालों से अतिक्रमण हटाया

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से निजात पाने के लिए विधायक जयदीप बिहानी ने पहल की है। उन्होंने नगर परिषद प्रशासन के साथ मिलकर प्रमुख नालो से अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू किया है।

अभियान की शुरूआत भगत सिंह चौक से की गई है। यह बीरबल चौक होते हुए गोशाला रोड और सरकारी अस्पताल तक चलेगा। इस मार्ग पर नालों के ऊपर किए गए अवैध निर्माण और अतिक्रमण को हटाया जायेगा। इससे बरसाती पानी की निकासी सुचारू रूप से हो सकेगी।

विधायक जयदीप ने नगर परिषद अधिकारियों को निर्देश कि बिना किसी दबाव के सभी अवैध कब्जों को हटाया जाए। नालों पर अतिक्रमण के कारण हर बारिश में पानी जमा हो जाता है। इससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कार्रवाई नगर परिषद के अधिकारी, पुलिस प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में की जा रही है।


**कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांकः- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 21/07/2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 14 के किला नं. 10 में भूखण्ड संख्या का माप 30' गुणा 135'-0'' फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्री दुर्गा शंकर पुत्र श्री हनुमान प्रसाद निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री दुर्गा शंकर पुत्र श्री हनुमान प्रसाद निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 14 के किला नं. 10 में भूखण्ड संख्या का माप 30' गुणा 135'-0'' फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/4245 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 21.7.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विजय कुमार पुत्र स्व. श्री बिल्लु राम निवासी मकान नं. 82 शंकर कॉलोनी प्रथम, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण | | |
|---|---|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | मृत्यु प्रमाण पत्र व विवरण | जायज वारिसों का विवरण | दस्तावेज का विवरण |
| चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 17/18 के किला नं. 9 में भूखंड माप 17.5x50 फीट भू.सं. एससी-82 | आवासीय नियमन पट्टा स. 1253 दिनांक 24.12.2012 को श्री बिल्लुराम पुत्र चिरंजीलाल के नाम से जारी है। जो आज की तिथि में दर्ज है। | श्री बिल्लु राम की मृत्यु दिनांक 14.6.2022 को हो चुकी है। | 1. परमेश्वरी देवी - पत्नी 2. राधा राजोरिया - पुत्री 3. श्यामलाल - पुत्र 4. विजय कुमार - पुत्र | श्री बिल्लु राम की मृत्यु उपरांत इनके वारिसों द्वारा अपना हक श्री विजय कुमार के हक में छोड़ दिया। वर्तमान में लाली देवी द्वारा दस्तबरदारी की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखंड का अपने नाम से नामान्तरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री विजय कुमार पुत्र स्व. श्री बिल्लु राम निवासी मकान नं. 82 शंकर कॉलोनी प्रथम, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।

आवेदन संख्या :- SGNR/FY25-26/MUT/412 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक :- नियमन/ 2025/ 4228 दिनांक : 15/7/2025

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री खैराती लाल पुत्र श्री उतमचंद निवासी म.न. 25 ए, प्रेमनगर, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकॉर्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूमि का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 46 किला नं. 07 में माप 15 इन्टू 60 फीट भूखण्ड संख्या 39 डी, प्रेमनगर, श्रीगंगानगर | उक्त भूखण्ड का नियमन पट्टा संख्या 620 दिनांक 30.11.2000 को श्री कृष्ण त्रिखा पुत्र श्री राम दित्ता के नाम से जारी किया हुआ है। | श्री खैराती लाल द्वारा उक्त भूखण्ड को पंजीकृत बैयनामा दिनांक 20.03.2014 के द्वारा क्रय कर भूखण्ड के नामान्तरण बाबत न्यास में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में श्री खैराती लाल पुत्र श्री उतमचंद निवासी म.न. 25 ए, प्रेमनगर, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/ उजर/ दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/ हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/ उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या:- SGNR/FY25-26/MUT/245 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर